प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांक : 19.12.2025 समय : 01:00 पी.एम.

..................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में विश्व स्वास्थ्य संगठन–डब्ल्यू.एच.ओ के पारंपरिक चिकित्सा पर वैश्विक शिखर सम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आयुष क्षेत्र के लिए प्रमुख डिजिटल पोर्टल, माय आयुष इंटीग्रेटेड सर्विसेज पोर्टल सहित कई महत्वपूर्ण पहलों की शुरूआत करेंगे। वे आयुष मार्क का भी अनावरण करेंगे जिसे आयुष उत्पादों और सेवाओं की गुणवत्ता के लिए वैश्विक मानक के रूप में बनाया गया है। श्री मोदी वर्ष 2021 से 2025 के दौरान योग के संवर्धन तथा विकास में योगदान के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं को सम्मानित भी करेंगे। यह शिखर सम्मेलन डब्ल्यू.एच.ओ. और आयुष मंत्रालय की ओर से संयुक्त रूप से नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन में वैश्विक नेताओं, नीति निर्माताओं, वैज्ञानिकों, चिकित्सकों और कई प्रमुख प्रतिनिधियों के बीच स्वास्थ्य प्रणालियों को बढ़ावा देने पर विचार–विमर्श हुआ।

..................

संसद ने **विकसित भारत –गारंटी फॉर रोज़गार और आजीविका मिशन (ग्रामीण): विकसित भारत–जी राम जी विधेयक 2025** पारित कर दिया है। इस विधेयक को राज्यसभा ने कल रात मंज़ूरी दे दी। लोकसभा ने यह विधेयक कल पहले ही पास कर दिया था। सरकार इस विधेयक के माध्यम से वर्ष 2047 में विकसित भारत के राष्ट्रीय विज़न के अनुरूप ग्रामीण विकास ढांचा तैयार करना चाहती है। इस कानून के तहत हर वित्तीय वर्ष में हर ग्रामीण परिवार को 125 दिन के रोज़गार की कानूनी गारंटी दी जाएगी। योजना के लिए केंद्र 60 प्रतिशत और राज्य सरकारें 40 प्रतिशत राशि देंगी।

..................

वर्तमान राज्य सरकार के कार्यकाल के दो वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में आज प्रदेशभर में महिला सम्मेलन आयोजित किये जा रहे है। राज्यस्तरीय महिला सम्मेलन धौलपुर में हो रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जिले के पचगांव में होने वाले इस समारोह में शिरकत करेंगे और इस अवसर पर होने वाली जनसभा को भी संबोधित करेंगे। श्री शर्मा इस दौरान विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की राशि महिलाओं के बैंक खातों में हस्तान्तरित करेंगे। वे अन्य जिलों के लाभार्थियों के साथ वर्चुअल संवाद भी करेंगे। अजमेर, सवाईमाधोपुर, करौली और बाडमेर सहित अन्य जिलों में भी जिलास्तरीय महिला सम्मेलनों का आयोजन किया गया है। वहीं मौजूदा प्रदेश सरकार के कार्यकाल के दो वर्षो की उपलब्धियों को विकास रथों के माध्यम से आमजन तक पंहुचाया जा रहा है। गांव गांव पहुंच रहे इन प्रचार रथों का उत्साह के साथ स्वागत किया जा रहा है।

..................

प्रदेश में आज से चौथी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर और जयपुर पीठ में दोपहर में राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ होगा। प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष जस्टिस संजीव प्रकाश शर्मा जयपुर पीठ में लोक अदालत का शुभारंभ करेंगे।
इसी तरह जोधपुर में जस्टिस पुष्पेंद्र सिंह भाटी इसकी शुरुआत करेंगे। जयपुर और जोधपुर में मुकदमों के आपसी राजीनामे से निपटारे के लिए तीन बेंच बनाई गई है। इसके बाद प्रदेश की सभी निचली अदालतों, उपभोक्ता आयोगों और प्रशासनिक अधिकरणों में लोक अदालतें लगाई जाएंगी। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव हरि ओम अत्रि के अनुसार, इस बार आपसी सहमति से मामलों के निस्तारण के लिए प्रदेश भर में 472 बेंचों का गठन किया गया है। अब तक 11 लाख से अधिक प्री–लिटिगेशन और लंबित प्रकरण सुनवाई के लिए चिन्हित किए जा चुके हैं। इनमें ऑनलाइन और ऑफलाइन, दोनों माध्यमों से सुनवाई की सुविधा दी गई है।

..................

चूरू जिले के रतननगर के धोधलिया गांव में तेंदुए के हमले से दो युवक आज गम्भीर रूप से घायल हो गये। इन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार तेंदुआ खेतों में छुपा हुआ था और इसने युवकों पर अचानक हमला कर दिया। वन विभाग की टीम तेंदुए की तलाश में जुट गई है तथा ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की गई है।

..................

प्रदेश में तापमान में उतार चढाव का दौर बना हुआ है। कुछ स्थानों पर सुबह देर तक कोहरा छाये रहने से दृश्यता में कमी रही और यातायात की गति धीमी रही। मौसम विभाग के अनुसार 4 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ बीती रात सीकर का फतेहपुर सबसे सर्द रहा। अलवर में न्यूनतम तापमान 4 दशमलव 8, बीकानेर के लूणकरणसर में 5 और दौसा में 5 दशमलव 7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। विभाग के अनुसार नये पश्चिमी विक्षोभ के असर से कल पश्चिमी राजस्थान में बादल छाये रहने की संभावना है। वहीं अनेक स्थानों पर कोहरा छाये रहने के आसार है।

..................